गोपालसहस्त्रनाम

तेज कुमार बुक डिपो (प्रा.) लि.
१, त्रिलोकी नाथ रोड
लखनऊ

ॐ

श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्र

भाषाटीकासहित

लेखक,

रामधन शुक्ल

पोस्ट बहरामघाट, जिला बाराबंकी
अवधदेश

—:०:—

प्रकाशक

तेजकुमार बुकडिपो (प्रा०) लिमिटेड

उत्तराधिकारी—नवलकिशोर बुकडिपो, लखनऊ

सन् १९९५ ई०

श्रीमती कमला भार्गव द्वारा
तेजकुमार प्रेस (प्रा०) लि० लखनऊ में मुद्रित

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

—:o:—

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

❀ समर्पण ❀

देवेश शूलपाणे ! सत्त्वरजतमरूपिन् !

आपका एक दासानुदास अपनी बर्बरता दिखलाता हुआ श्रीगोपालजी महाराजाधिराज के पवित्र यश के वर्णन की भाषा-व्यवस्था निजकृत समझ आपके चरणारविन्दों में अर्पण करने को उद्यत है।

हे वृषभध्वज ! सुरासुरनमस्कृत महादेव !

यह सब आपकी ही माया का विभव तथा उससे उत्पन्न महामोह की महिमा है।

हे सृष्टिस्थितिसंहारकर्तः !

यह सृष्टि आपकी ही है। इसके अन्तर्गत का एक कीटानुकीट प्रमादवश श्रीगोपालजी की महिमा को निज भाषा वर्णित समझ आपके चरणारविन्दों में अर्पण करता है। ऐसी दशा में अपनी वस्तु का अर्पण सदा ही स्वीकृत होता है।

हे जगद्धातः !

यह दास की पुष्पाञ्जलि स्वीकृत हो।

भवदीय किंकरानुकिंकर
रामधन
पोस्ट बहरामघाट, जिला बाराबंकी
अवधदेश

भूमिका ।

श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्र का वर्णन श्रीसम्मोहनतंत्र में है। यह हरिहरात्मक देव की दिव्य स्तुति है। इस स्तुति में प्रायः सभी अवतारों का वर्णन है। इसमें परमेश्वर के एक सहस्र नाम हैं। उन नामों में कुछ नाम ऐसे हैं जिन्हें संसारी जन प्रायः जानते हैं और कुछ नाम ऐसे हैं जो आराधकों के अतिरिक्त दूसरों के श्रवणगोचर भी न हुए होंगे, भाव जानना तो असम्भव ही है।

इन श्रीगोपाल महाराज के नामों का भाव सुनने तथा पढ़ने का सौभाग्य भावीवश भगवत् की असीम कृपा से मुझे प्राप्त हुआ है। परन्तु उससे इस दीनजन को संतोष नहीं हुआ। क्योंकि उसमें पांडित्य का चमत्कार था। यों तो परमेश्वर का गुणानुवाद जिस रूप में जितना ही कहा जाय उतना ही दिव्य है। इस स्तोत्र में बहुत से नाम कई बार कहे गये हैं। उन नामों का अलग-अलग अर्थ कर देना पांडित्य है। हाँ, प्रसंग को ध्यान में रखते हुए जो अर्थ किये जायँ वे अवश्य ही संतोषप्रद होंगे। यदि पूर्वापर से पृथक् कोई नाम दूसरी बार कहा गया है तो भले ही दूसरा अर्थ किया जा सकता है।

यदि यह प्रश्न उठाया जाय कि एक प्रकार के नामों की द्विरावृत्ति अर्थभेद ही के निमित्त की गई है तो दूसरी बात है। परन्तु ऐसी दशा में भी पूर्वापर का विचार न रहने से पाठकों के चित्त में खटक जरूर हो जायगी। यदि यह कहा जाय कि ये विष्णुभगवान् के नाम हैं, इनमें दूसरे रूप का समावेश नहीं हो सकता तो ऐसी दशा में पक्षपात प्रतीत होगा; क्योंकि ईश्वर में द्वैत नहीं है। यदि यह कहा जाय कि इस स्तोत्र में विष्णु जाप्य तथा शिव जापक हैं, अपने नाम का जप कैसे सम्भव है तो ऐसी दशा में सोऽहं शब्द का अर्थ ही बिगड़ जायगा।

अस्तु यह भगवान् की लीला है कि इतना अबोध पुरुष ऐसे अथाह समुद्र में गोता लगाकर दिव्य रत्न निकालने का साहस करे। ऐसा दिव्य रत्न कि जिसका एक-एक अक्षर महापापनाशक है। जब मैं यह सोचता हूँ तो अथाह समुद्र में डूब जाता हूँ। कैसे पार पाऊँगा। इसमें सिवाय उपहास के और कुछ न होगा। ऐसी दशा में बुद्धि बार-बार प्रेरित करती है कि तू साहसकर कूद, पार करनेवाले श्रीगोपाल महाराज हैं। काम करना मनुष्य का कर्तव्य है। तेरा प्रयास तो जिज्ञासु, शान्त विष्णुभक्तजनों के आनन्दार्थ है। इसी आधार पर यह दीनजन प्रारम्भ करता है। आशा है कि सज्जनजन इसकी भूलों को सुधारकर पढ़ लेंगे।

इस स्तोत्र के हर एक नाम पर क्रमशः एक से लेकर सौ तक नम्बर होंगे। यही क्रम दसों शतक का होगा। श्लोकों के नीचे वही नाम के ऊपर का अंक देकर भाषा में हर एक नाम का अर्थ लिखा है। फिर उसके नीचे क्लिष्ट नामों के नम्बर देकर हर एक नाम के संस्कृत शब्दों का पृथक्-पृथक् अर्थ भाषा में लिख दिया गया है, जिससे यह विदित हो जायगा कि इस नाम का यह अर्थ कैसे हुआ। यथासम्भव गुप्त शब्दों का कोश भी लिखा गया है, जिसमें शब्दों के अर्थ में किसी प्रकार का सन्देह रहे। किं बहुना विज्ञेषु इत्यलम्

सज्जनों का दयापात्र,

रामधन

श्रीगोपालसहस्रनाम

भाषाटीकासहित

❀ श्रीगोपालो जयति ❀

कैलासशिखरे रम्ये गौरी पृच्छति शंकरम् ।
ब्रह्माण्डाऽखिलनाथस्त्वं सृष्टिसंहारकारकः ॥ १ ॥
त्वमेव पूज्यसे लोकैर्ब्रह्मविष्णुसुरादिभिः ।
नित्यं पठसि देवेश कस्य स्तोत्रं महेश्वर ॥ २ ॥

रमणीय कैलास पर्वत के शिखर पर श्रीपार्वतीजी श्रीमहादेवजी से प्रश्न करती हैं हे कि स्वामी ! आप अखिल ब्रह्मांड के नाथ, सृष्टि और संहार के कर्ता ॥ १ ॥ और सब लोकों तथा ब्रह्मादिक देवताओं से पूजित हैं। हे देवेश ! हे महेश्वर ! फिर आप नित्य किसका स्तोत्र पढ़ते हैं ॥ २ ॥

आश्चर्यमिदमत्यन्तं जायते मयि शंकर ।
तत्प्राणेश महाप्राज्ञ संशयं छिन्धि मे प्रभो ॥ ३ ॥

श्रीमहादेव उवाच

धन्यासि कृतपुण्यासि पार्वति प्राणवल्लभे ।
रहस्यातिरहस्यं च यत्पृच्छसि वरानने ॥ ४ ॥
स्त्रीस्वभावान्महादेवि पुनस्त्वं परिपृच्छसि ।
गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः ॥ ५ ॥
दत्ते च सिद्धिहानिः स्यात्तस्माद्यत्नेन गोपयेत् ।
इदं रहस्यं परमं पुरुषार्थप्रदायकम् ॥ ६ ॥

हे कल्याण के दाता ! यह मुझे बड़ा आश्चर्य है। इस हेतु हे प्राणेश ! हे महाप्राज्ञ प्रभु ! मेरा यह संशय मिटाओ ॥ ३ ॥

श्रीमहादेवजी बोले--हे प्राणवल्लभा पार्वती ! हे वरानने! तुम पुण्यरूप तथा धन्य हो, जो तुम अत्यन्त गुप्त विषय का प्रश्न करती हो ॥ ४ ॥ हे महादेवि ! स्त्रीस्वभाववश बार-बार पूछती तो हो, परन्तु इसे यत्नपूर्वक अत्यन्त गुप्त रखना ॥५॥ क्योंकि देने से सिद्धि की हानि होती है। इस हेतु यत्नपूर्वक गुप्त रखना चाहिए। यह रहस्य अत्यन्त पुरुषार्थ का देनेवाला है ॥ ६ ॥

धनरत्नौघमाणिक्यतुरंगमगजादिकम् ।
ददाति स्मरणादेव महामोक्षप्रदायकम् ॥ ७ ॥
तत्तेऽहं संप्रवक्ष्यामि शृणुष्वावहिता प्रिये ।
योऽसौ निरंजनो देवश्चित्स्वरूपी जनार्दनः ॥८॥
संसारसागरोत्तीर्णकारणाय सदा नृणाम् ।
श्रीगंगाद्रवरूपेण त्रैलोक्यं व्याप्य तिष्ठति ॥ ९ ॥
ततो लोका महामूढा विष्णुभक्तिविवर्जिताः ।
निश्चयं नाधिगच्छन्ति पुनर्नारायणो हरिः ॥१०॥
निरंजनो निराकारो भक्तानां प्रीतिकामदः ।

स्मरणमात्र से ही धन, रत्नों के समूह, माणिक्य तथा घोड़े-हाथी इत्यादि देता है और महामोक्षप्रद है ॥ ७ ॥ वह हम तुमसे कहते हैं। हे प्रिये ! एकाग्रचित्त से सुनो। जो निरंजन देव चित्स्वरूपी जनार्दन भगवान् हैं ॥ ८ ॥ जो सदा मनुष्यों को संसार-सागर से तार देने के कारणरूप हैं, जो श्रीगंगाजी के जलबिन्दुरूप से तीनों लोकों में व्याप्त होकर रहते हैं ॥ ९ ॥ वे संसारी जन महामूढ़ हैं, जो विष्णुभक्ति से वर्जित हैं और फिर नारायण भगवान् में निश्चल बुद्धि नहीं रखते ॥ १० ॥

भगवान् मायारहित हैं, निराकार हैं, भक्तों को प्रीति और

वृन्दावनविहाराय गोपालं रूपमुद्वहन् ॥ ११ ॥
मुरलीवादनाऽधारी राधायै प्रीतिमावहन् ।
अंशांशेभ्यः समुन्मील्य पूर्णरूपकलायुतः ॥ १२ ॥
श्रीकृष्णचन्द्रो भगवान्नन्दगोपवरोद्यतः ।
धरणीरूपिणी मातृयशोदानन्ददायकः ॥ १३ ॥
द्वाभ्यां प्रयाचितो नाथो देवक्यां वसुदेवतः ।
ब्रह्मणाऽभ्यर्थितो देवो देवैरपि सुरेश्वरि ॥ १४ ॥
जातोऽवन्यां मुकुन्दो*ऽपि मुरलीवेदरेचकः ।
तया सार्द्धं वचः कृत्वा ततो जातो महीतले ॥ १५ ॥

कामना के देनेवाले हैं । उन्होंने वृन्दावन-विहार के निमित्त गोपाल का रूप धारण किया ॥ ११ ॥ राधा की प्रीति धारण करते हुए मुरली का बजाना ही उनका आधार है । वे अंशों तथा कलाओं से युक्त पूर्णरूप हैं ॥ १२ ॥ वे श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् नन्दगोप के वर को पूर्ण करने के अर्थ पृथ्वीरूपा माता यशोदा को आनन्द देनेवाले हैं ॥१३॥ हे सुरेश्वरि ! उन दोनों (नन्द, यशोदा) और ब्रह्मादि देवों तथा वसुदेव, देवकी के प्रार्थना करने पर ॥१४॥ निर्वाणमोक्ष के देनेवाले भी पृथ्वी में उत्पन्न हुए और मुरलीद्वारा वेद का उपदेश किया । पृथ्वी को वचन दिया था इसलिए पृथ्वी में जन्म धारण किया ॥१५॥

---

* कुमव्ययमान्तं च निर्वाणमोक्षवाचकम् । तद्ददाति च यो देवो मुकुन्दस्तेन कीर्तितः ।

संसारसारसर्वस्वं श्यामलं महदुज्ज्वलम् ।
एतज्ज्योतिरहं वंद्यं चिंतयामि सनातनम् ॥ १६ ॥
गौरतेजो विना यस्तु श्यामतेजः समर्चयेत् ।
जपेद्वा ध्यायते वाऽपि स भवेत्पातकी शिवे ॥ १७ ॥
स ब्रह्महा सुरापी च स्वर्णस्तेयी च पंचमः ।
एतैर्दोषैर्विलिप्येत तेजोभेदान्महेश्वरि ॥ १८ ॥
तस्माज्ज्योतिरभूद्द्वेधा राधामाधवरूपकम् ।
तस्मादिदं महादेवि गोपालेनैव भाषितम् ॥ १९ ॥

संसार में जो सार वस्तुएँ हैं उनके सर्वस्व, अत्यन्त उज्ज्वल तथा श्यामवर्ण, ऐसी जो स्तुति करने योग्य अनादि राधा-माधवरूप ज्योति है उसी की मैं वन्दना और चिंतना करता हूँ ॥ १६ ॥ हे पार्वती ! गौर तेज (राधा) के विना जो श्याम तेज (कृष्ण) की आराधना, पूजा, जप व ध्यान करते हैं वे पातकी होते हैं ॥ १७ ॥ हे महेश्वरि ! जो गौर तथा श्याम तेज में भेद-बुद्धि रखते हैं वे ब्रह्महा, सुरापी, स्वर्णापहारी, गोघ्न और गुरुतल्पगामी इन पाँच दोषों के भागी होते हैं ॥ १८ ॥ ब्रह्मादि देवों की प्रार्थना से वह ज्योति, उज्ज्वल तथा श्याम, राधा-माधवरूप से दो प्रकार की हुई। हे महादेवि ! यह भक्तों से गुप्त न रहे, इस कारण श्रीगोपालजी ने इस राधा-माधवरूप को बताया ॥ १९ ॥ कार्त्तिक की पूर्णिमा

दुर्वाससो मुनेर्मोहे कार्त्तिक्यां रासमंडले ।
ततः पृष्टवती राधा संदेहं भेदमात्मनः ॥ २० ॥
निरंजनात्समुत्पन्नं मयाऽधीतं जगन्मयि ।
श्रीकृष्णेन ततः प्रोक्तं राधायै नारदाय च ॥२१॥
ततो नारदतः सर्वं विरला वैष्णवा जनाः ।
कलौ जानन्ति देवेशि गोपनीयं प्रयत्नतः ॥२२॥
शठाय कृपणायाऽथ दाम्भिकाय सुरेश्वरि ।
ब्रह्महत्यामवाप्नोति तस्माद्यन्तेन गोपयेत् ॥२३॥

को रासमंडल में दुर्वासादिक निराहार मुनियों के मोहसंवाद के उपरान्त श्रीराधाजी ने अपने रूप के भेद को पूछा, उस समय श्रीगोपालजी ने स्वयं बताया ॥ २० ॥ मायारहित ज्योति से उत्पन्न इस रूप की स्तुति को पहिले मैंने जाना, मुझसे संसार ने जाना, फिर कृष्ण भगवान् ने श्रीराधाजी तथा नारदजी से कहा ॥२१॥ (फिर श्रीराधाजी ने मुझसे कहा और मैंने नारदजी को बताया) हे देवेशि ! इस प्रकार श्रीनारदजी के द्वारा कलि-युग में कोई-कोई वैष्णवजन जानते हैं । यह सब यत्नपूर्वक गुप्त रखने योग्य है ॥२२॥ हे सुरेश्वरि ! शठ, कृपण और पाखंडी को न देना चाहिए । इनको देने से ब्रह्महत्या का पातक होता है । इस कारण इसको युक्तिपूर्वक गुप्त रखना ॥ २३ ॥

अथ विनियोगः ।

ॐ अस्य श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रमंत्रस्य श्रीनारद ऋषिः अनुष्टुप्छन्दः श्रीगोपालो देवता कामो बीजंमाया शक्तिः चन्द्रः कीलकम् श्रीकृष्ण-चन्द्रभक्तिजन्यफलप्राप्तये श्रीगोपालसहस्रनाम-स्तोत्रपाठे विनियोगः ॥ २४ ॥

करन्यासः—ॐ क्लां अङ्गुष्ठाभ्या नमः। ॐ क्लीं तर्जनीभ्यां नमः । ॐ क्लूं मध्यमाभ्यां नमः । ॐ क्लैं अनामिकाभ्यां नमः । ॐ क्लौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः । ॐ क्लः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ।

विनियोग (तंत्रविधि से ऋष्यादिकों का कथन)

श्रीगोपालसहस्रनाममंत्ररूपी स्तोत्र के श्रीनारदजी ऋषि हैं, अनुष्टुप् इसका छन्द है, श्रीगोपाल महाराज इसके देवता हैं, काम इसका बीज है, माया इसकी शक्ति है, चन्द्र इसका कील है, श्रीकृष्णचन्द्र की भक्ति से उत्पन्न फलप्राप्ति की इच्छा से श्रीगोपालसहस्रनाम स्तोत्रपाठ के निमित्त ऋष्या-दिकों का कथन करता हूँ ॥ २४ ॥ इसके पश्चात् करन्यास और अङ्गन्यास करना चाहिए ।

———

अङ्गन्यासः—ॐ क्लां हृदयाय नमः । ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा । ॐ क्लूं शिखायै वषट् । ॐ क्लैं कवचाय हुम् । ॐ क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट् । ॐ क्लः अस्त्राय फट् ।

अथ ध्यानम् ।

फुल्लेन्दीवरकान्तिमिन्दुवदनं बर्हावतंसप्रियं
श्रीवत्साङ्कमुदारकौस्तुभधरं पीताम्बरं सुन्दरम् ।
गोपीनां नयनोत्पलार्चिततनुं गोगोपसंघावृतं
गोविंदं कलवेणुवादनपरं दिव्याङ्गभूषं भजे ॥२५॥

अथ ध्यानम् (रूप की चिंतना करना)

विकसित नील कमल के समान कान्तिधारी, चन्द्रमा के समान आनन्दप्रद मुख, मयूरपुच्छ के मुकुट में प्रेम, वक्षःस्थल में श्रीवत्स * का चिह्न, दयावान्, कौस्तुभमणिधारी, पीताम्बरधारी, चित्ताकर्षक, गोपियों के कमलवत् नेत्रों से पूजित शरीर, गौओं तथा गोपों के समूह से घिरे, धर्म के ज्ञाता, वंशी बजाने में तत्पर, दिव्य अङ्ग तथा दिव्यभूषाधारी, ऐसे श्रीगोपाल महाराज का भजन करता हूँ ॥२५॥

---

* श्रीवत्स=चमकते हुए सफेद बालों की भँवरी ।

श्रीगोपालो[1] महीपालः[2] सर्ववेदान्तपारगः[3]।
कृष्णः[4] कमलपत्राक्षः[5] पुण्डरीकः[6] सनातनः[7] ॥२६॥
गोपतिर्भूपतिः[8] शास्ता[9] प्रहर्ता[10] विश्वतोमुखः[11]।
आदिकर्ता[12] महाकर्ता[13] महाकालः[14] प्रतापवान्[15] ॥२७॥
जगज्जीवो[16] जगद्धाता[17] जगद्धर्ता[18] जगद्वसुः[19]।
मत्स्यो[20] भीमः[21] कुहूभर्ता[22] हर्ता[23] वाराहमूर्तिमान्[24] ॥२८॥

१ मंगलरूप गोसमूह के पालनकर्ता २ पृथ्वी के पालनकर्ता ३ सम्पूर्ण वेदान्त के पारंगत ४ दुरित खींचनेवाले ५ कमलपत्रवत् बड़े नेत्रवाले ६ शोभायुक्त ७ सदा विद्यमान रहनेवाले ८ वाणी के पति ९ भुवनपति १० शासनकर्ता ११ प्रहारकर्ता १२ सबके दर्शक १३ ब्रह्मा के उत्पादक १४ पंचतत्त्व के उत्पादक १५ पंचतत्त्व के नाशकर्ता १६ प्रतापी १७ संसार के जीवन १८ संसार के धारणकर्ता १९ संसार के भरणकर्ता २० संसार में यज्ञरूप २१ मत्स्यावतारधारी २२ भयंकर २३ अमावास्या के भरणकर्ता (पितरों के पालक) २४ दुर्गति के हरणकर्ता २५ वाराहरूपधारी।

---

४ कृष्ण=खींचनेवाले। ८ गो=वाणी। १४ महा=पंचतत्त्व। २० वसु=यज्ञ। २३ कुहू=अमावास्या, भर्ता=भरनेवाले।

२६ २७ २८ २९
नारायणो हृषीकेशो गोविन्दो गरुडध्वजः ।
३० ३१ ३२
गोकुलेन्द्रो महाचन्द्रः शर्वरीप्रियकारकः ॥ २९ ॥
३३ ३४ ३५
कमलामुखलोलाक्षः पुण्डरीकः शुभावहः ।
३६ ३७ ३८ ३९
दूर्वाशाः कपिलो भौमः सिंधुसागरसंगमः ॥३०॥
४० ४१ ४२ ४३
गोविन्दो गोपति गोत्रं कालिंदीप्रेमपूरकः ।
४४ ४५ ४६
गोस्वामी गोकुलेन्द्रो गोगोवर्द्धनवरप्रदः ॥ ३१ ॥

२६ जलवासी २७ प्रीतिकारक किरणवाले २८ धर्म के ज्ञाता २९ ध्वजा में गरुडचिह्नधारी ३० गोकुल के इन्द्र ३१ बड़े आह्लादक ३२ रात्रि के प्रियकारक ३३ लक्ष्मी के मुखावलोकन में चंचल नेत्र ३४ दिव्यवेशधारी ३५ कल्याण-कर्ता ३६ धर्मभ्रष्टों के शासक ३७ कपिलदेवरूप ३८ प्रतिमा-रूप से पृथ्वी में होनेवाले ३९ गंगासागरसंगमरूप ४० स्तुति द्वारा प्राप्त होनेवाले ४१ संसार के रक्षक ४२ गोत्ररूप ४३ कालिंदी के प्रेमपूरक ४४ वेद के स्वामी ४५ गोसमूह के इन्द्र ४६ वाणी द्वारा गोवर्द्धन से वर दिलानेवाले ।

---

२६ नार=जल, अयन=घर। २७ हृषी=प्रीति, केश=किरण। २८ गो=धर्म, विन्द=प्राप्त होना । ३४ पुंड=भूषा-वेश। ३९ सिंधु=गंगा । ४० गो=वाणी, विन्द=प्राप्त होना। ४१ गो=पृथ्वी, पति=रक्षक। ४४ गो=वेद।

नन्दादिगोकुलत्राता[४७] दाता[४८] दारिद्र्यभञ्जनः[४९] ।
सर्वमङ्गलदाता[५०] च सर्वकामप्रदायकः[५१] ॥ ३२ ॥
आदिकर्ता[५२] महीभर्ता[५३] सर्वसागरसिंधुजः[५४] ।
गजगामी[५५]गजोद्धारी[५६]कामी[५७]कामकलानिधिः[५८]॥३३॥
कलङ्करहितश्चन्द्रो[५९] बिम्बास्यो[६०] बिम्बसत्तमः[६१] ।
मालाकारः[६२] कृपाकारः[६३] कोकिलस्वरभूषणः[६४]॥३४॥
रामो[६५] नीलाम्बरो[६६] देवो[६७] हली[६८] दुर्दाममर्दनः[६९] ।

४७ नन्दादि तथा गोकुल के रक्षक ४८ दानी ४९ दरिद्र के नाशक ५० सबके मंगलदाता ५१ सबके मनोरथपूरक ५२ अकारादिवर्णों के कर्ता ५३ पृथ्वी के भरणकर्ता ५४ सम्पूर्ण सगरपुत्रों को सिंधु के अर्थ वध करानेवाले ५५ गम्भीर गतिवाले ५६ गज के उद्धारकर्ता ५७ कामनारूप ५८ काम की कलाओं के निधि ५९ निष्कलंक ६० आनन्दी ६१ चित्ररूप ६२ दिव्य चित्रवाले ६३ जापकरूप ६४ कृपा करनेवाले ६५ कोकिलस्वर के भूषण ६६ ध्यान के स्थल ६७ राधारूप के नील अम्बर ६८ देवरूप ६९ चित्र रचना में चतुर ७० खलमर्दक ।

---

५२ आदि=अकारादि स्वर तथा वर्ण। ५४ सर्वान् सगरपुत्रान् सिंध्वर्थं जृणाति हन्ति। ५५ गज=गम्भीर। ६० चन्द्र=आनन्द। ६१ बिम्ब=चित्र, तसवीर, आस्य=मुख। ६९ हल=चित्ररचना। ७० दुर्दाम=खल।

सहस्राक्षपुरीभेत्ता[७१] महामारीविनाशनः[७२] ॥ ३५ ॥
शिवः[७३] शिवतमो[७४] भेत्ता[७५] बलारातिप्रपूजकः[७६] ।
कुमारीवरदायी[७७] च वरेण्यो[७८] मीनकेतनः[७९] ॥ ३६ ॥
नरो[८०] नारायणो[८१] धीरो[८२] राधापतिरुदारधीः[८३] ।
श्रीपतिः[८४] श्रीनिधिः[८५] श्रीमान्[८६] मापतिः[८७] पतिराजहा[८८] ३७
वृन्दापतिः[८९] कुल[९०] ग्रामी[९१] धाम[९२] ब्रह्म[९३] सनातनः[९४] ।
रेवतीरमणो[९५] रामः[९६] प्रियः[९७] चञ्चललोचनः[९८] ॥ ३८ ॥

७१ इन्द्रपुरी के भेदनकर्ता ७२ अकालमृत्यु के नाशक। ७३ कल्याणरूप ७४ अज्ञानियों के बोधक ७५ भेदनकर्ता ७६ इन्द्र के पूज्य ७७ कुमारी के वरदाता ७८ वरदायी ७९ मीन के गुण के ज्ञाता ८० नरतनुधारी ८१ जल में निवास करनेवाले ८२ धैर्यवान् ८३ राधा के पति ८४ उदार-बुद्धि ८५ लक्ष्मी के पति ८६ विद्या के निधि ८७ लक्ष्मीयुक्त ८८ मानरक्षक ८९ चक्रवर्ती ९० वृन्दा गोपी के पति ९१ वंशधारी ९२ ग्रामसमूह के स्वामी ९३ आश्रितों के धाम ९४ ज्ञानवर्द्धक ९५ अनादि ९६ रेवती नक्षत्र में रमणकारी ९७ रमारमण ९८ मनोहर ९९ चंचल नेत्रवान्।

---

७१ सहस्राक्ष=इन्द्र। ७३ शिव=कल्याण। ७६ बलाराति=इन्द्र, ७९ मीन=मछली, केतन=जानना। ८६ श्री=विद्या। ८८ मा=मान। ९४ बृहंति= ज्ञानमिति।

रामायणशरीरोऽयं रामी रामः श्रियः पतिः ।
शर्वरः शर्वरी सर्वः सर्वत्रशुभदायकः ॥ ३९ ॥
राधाराधयिता राधी राधाचित्तप्रमोदकः ।
राधारतिसुखोपेतो राधामोहनतत्परः ॥ ४० ॥
राधावशीकरो राधाहृदयाम्भोजषट्पदः ।
राधालिङ्गनसम्मोहो राधानर्तनकौतुकः ॥ ४१ ॥
राधासञ्जातसंप्रीतो राधाकाम्यफलप्रदः ।
वृन्दापतिः कोकनिधिः कोकशोकविनाशनः ॥४२॥

१०० राम कथारूप । इति श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रे प्रथमः शतकः ॥

१ स्त्रियों के स्वामी २ अग्निरूप ३ बुद्धि के पति ४ तत्त्वज्ञानियों में व्याप्त ५ शिवकथारूप ६ सम्पूर्ण ७ सर्वत्र शुभ के दाता ८ राधा के शृंगारी ९ राधा के स्वामी १० राधा का चित्त प्रसन्न करनेवाले ११ राधा की क्रीड़ा में सुखी १२ राधा को मोहित करने में तत्पर १३ राधा के वश्यकारी १४ राधा के कमलरूपी हृदय के भ्रमर १५ राधा के आलिंगन से आनंदित १६ राधानृत्य के कौतुकी १७ राधा के प्रेमी १८ राधा के मनोरथपूरक १९ वृन्दा गोपी के पति २० कामशास्त्र के निधि २१ भेड़ियों के भय को मिटानेवाले।

२० कोक=कामशास्त्र । २१ कोक=भेड़िया ।

२२ २३ २४
चन्द्रापतिश्चन्द्रपतिश्चण्डकोदण्डभञ्जनः ।
२५ २६ २७ २८
रामो दाशरथी रामो भृगुवंशसमुद्भवः ॥ ४३ ॥
२९ ३० ३१ ३२
आत्मारामो जितक्रोधो मोही मोहान्धभंजनः ।
३३ ३४ ३५ ३६
वृषभानुभवो भावी काश्यपिः करुणानिधिः ॥४४॥
३७ ३८ ३९ ४० ४१
कोलाहलो हली हाली हेली हलधरप्रियः ।
४२ ४३ ४४ ४५
राधामुखाब्जमार्तण्डो भास्करो रविजो विधुः ४५

२२ चन्द्रा सखी के पति २३ चन्द्र नाम सखा के स्वामी २४ महादेव का धनुष तोड़नेवाले २५ राम २६ दशरथ के पुत्र २७ लक्ष्मी के दाता २८ भृगुवंशी २९ आत्मा के रमणकारी ३० क्रोधजित् ३१ मोहरूप ३२ मोहान्ध के नाशक ३३ वृषभानु के कल्याणकारी ३४ होनहार ३५ कश्यप के पुत्र ३६ करुणा के समुद्र ३७ कोलाहलनाशक ३८ हलधारी ३९ दुष्टों के नाशक ४० लेखक चित्रगुप्तरूप ४१ बलभद्र के प्रिय ४२ राधा के कमलरूपी मुख के सूर्य ४३ अभयकारी (प्रकाशक) ४४ सूर्य में किरणरूप ४५ दुराचारनाशक।

---

२४ चंड=रुद्र, कोदंड=धनुष। २७ रा=दान, मा=लक्ष्मी। ३७ कोल=दुष्टों का मेल, हल=नाश। ४० हली=लिखनेवाले।

विधि[४६] र्विधाता[४७] वरुणो[४८] वारुणो[४९] वारुणीप्रियः[५०]।
रोहिणीहृदयानन्दी[५१] वसुदेवात्मजो[५२] बली[५३] ॥ ४६ ॥
नीलाम्बरो[५४] रौहिणेयो[५५] जरासन्धवधोऽमलः[५६]।
नागो[५७] जवाम्भो[५८] विरुदो[५९] विरुहो[६०] वरदो[६१] बली[६२] ॥४७॥
गोपथो[६३] विजयो[६४] विद्वान्[६५] शिपिविष्टः[६६] सनातनः[६७]।
पर्शुरामवचोग्राही[६८] वरग्राही[६९] शृगालहा[७०] ॥ ४८ ॥

४६ यज्ञ में विधिरूप ४७ विविध नामधारी ४८ जल के स्वामी ४९ रत्नरूप ५० वरुणकृत पूजा के प्रिय ५१ रोहिणी के हृदय को आनन्द देनेवाले ५२ वसुदेव के आत्मज ५३ पराक्रमी ५४ नीलकान्तिधारी ५५ रोहिणी नक्षत्र में होनेवाले ५६ जरासंध के वधकर्ता ५७ निर्मल ५८ पंडित ५९ शीघ्र कृपाकारी ६० वंदित ६१ लताओं और वृक्षों के विहारी ६२ वर के दाता ६३ मल्ल ६४ गऊ चरानेवाले ६५ जीतनेवाले ६६ त्रिकालज्ञ ६७ प्रकाशक ६८ सदा विद्यमान ६९ परशुराम के वचन के ग्रहणकर्ता ७० वर ग्रहण करनेवाले ७१ शृगाल नाम राजा के वधकर्ता।

---

४७ वि=विविध। ४९ वारुण=वरुणद्वारा उत्पन्न। ५० वारुणी=वरुणकृता पूजा। ५८ न=नहीं, अग=जड़ता। ५९जव=शीघ्र, अम्भ=राग। ६१ विरुह=चढ़ना। ६७ शिपि=रश्मि, विष्ट=स्थित।

दमघोषोपदेष्टा[७२] च रथग्राही[७३] सुदर्शनः[७४] ।
वीरपत्नीयशस्त्राता[७५] जराव्याधिविघातकः[७६] ॥४९॥
द्वारकावासतत्त्वज्ञो[७७] हुताशनवरप्रदः[७८] ।
यमुनावेगसंहारी[७९] नीलाम्बरधरः[८०] प्रभुः[८१] ॥ ५० ॥
विभुः[८२] शरासनो[८३] धन्वी[८४] गणशो[८५] गणनायकः[८६] ।
लक्ष्मणो[८७] लक्षणो[८८] लक्ष्यो[८९] रक्षोवंशविनाशनः[९०] ५१
वामनो[९१] वामनीभूतोऽवामनो[९२] वामनारुहः[९३] ।
यशोदानन्दनः[९४] कर्ता[९५] यमलार्जुनमुक्तिदः[९६] ॥५२॥

७२ दमघोष के उपदेष्टा ७३ अर्जुन के सारथी ७४ दर्शनीय ७५ बलपूर्वक पत्नियों के यश के रक्षक ७६ जरा व्याधि के नाशक ७७ द्वारकावास के तत्त्वज्ञ ७८ अग्नि के वरदायी ७९ यमुनावेगनाशक ८० नीलाम्बर धारणकर्ता ८१ स्वामी। ८२ संसार में शोभायुक्त ८३ धनुषरूप ८४ धनुर्धर ८५ सेना के ईश ८६ सेना के संचालक ८७ शेषावतार ८८ शुभ लक्षणयुक्त ८९ वेधन के चिह्न ९० राक्षसों के वंशनाशक ९१ वामनरूप ९२ छोटे हो जानेवाले ९३ बृहत्काय ९४ नवनीतार्थ वामन गोपाल के कंधे पर चढ़नेवाले ९५ यशोदा के आनन्ददाता ९६ सब के कर्ता ९७ यमलार्जुन के मुक्तिदाता ।

---

८९ लक्ष्य-निशाना। ९४ वामन-गोप का नाम, रुह-चढ़ना।

उलूखली[९८] महामानी[९९] दामबद्धाह्वयो[१००] शमी[१]।
भक्तानुकारी[२] भगवान्[३] केशवो[४] बलधारकः[५] ॥५३॥
केशिहा[६] मधुहा[७] मोही[८] वृषासुरविघातकः[९]।
अघासुरविनाशी[१०] च पूतनामोक्षदायकः[११] ॥५४॥
कुब्जाविनोदी[१२] भगवान्[१३] कंसमृत्युर्महामखी[१४]।
अश्वमेधो[१६] वाजपेयो[१७] गोमेधो[१८] नरमेधवान्[१९] ॥५५॥

९८ ओखली में बँधनेवाले ९९ बड़े सम्मानवाले १०० दामबद्धनामधारी।

इति श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रे द्वितीयः शतकः।

१ शान्तिरूप २ भक्तों का अनुकरण करनेवाले ३ षट् ऐश्वर्यवाले वा महावाक्य ४ केशबंधनकर्ता ५ बलधारणकर्ता ६ केशी दैत्य के नाशक ७ मधु दैत्यनाशक ८ मोहनयुक्त ९ वृषासुरनाशक १० अघासुर के वधकर्ता ११ पूतना के मोक्षदाता १२ कुब्जा के विनोदी १३ सुन्दर भाग्यवान् १४ कंस की मृत्यु १५ बड़े यज्ञकर्ता १६ अश्वमेधकर्ता १७ वाजपेयकर्ता १८ गोमेधकर्ता १९ नरमेधकर्ता।

---

१०० दाम-रस्सी, बद्ध-बँधना। १ शम-शान्ति। १६, १७, १८, १९ यज्ञ के नाम।

कंदर्पकोटिलावण्यश्चन्द्रकोटिसुशीतलः ।
रविकोटिप्रतीकाशो वायुकोटिमहाबलः ॥ ५६ ॥
ब्रह्मा ब्रह्माण्डकर्ता च कमलावाञ्छितप्रदः ।
कमली कमलाक्षश्च कमलामुखलोलुपः ॥ ५७ ॥
कमलाव्रतधारी च कमलाक्षः पुरंदरः ।
सौभाग्याधिकचित्तोऽयं महामायी महोत्कटः ५८
तारकारिः सुरत्राता मारीचक्षोभकारकः ।
विश्वामित्रप्रियो दान्तो रामो राजीवलोचनः ५९

२० कोटि काम के समान सुन्दर २१ कोटि चन्द्रमा के समान सुन्दर और शीतल २२ कोटि सूर्य के समान प्रकाशमान २३ कोटि वायु के समान महाबली २४ सृष्टि के कर्ता २५ ब्रह्माण्डों के कर्ता २६ लक्ष्मी के मनोरथपूरक २७ कमलधारी २८ लक्ष्मी के आधार २९ कमलामुख के लोलुप ३० कमला के प्रेमी ३१ शोभायुक्त नेत्रवाले ३२ शत्रुओं के विदीर्णकर्ता ३३ अधिक सौभाग्ययुक्त चित्तवाले ३४ अचिंत्य मायायुक्त ३५ बड़े कठिन ३६ तारकासुर के शत्रु ३७ देवताओं के रक्षक ३८ मारीच को भय देनेवाले ३९ विश्वामित्र के प्रिय ४० पाखंडियों के नाशक ४१ पृथ्वी के पालनकर्ता ४२ कमलनयन ।

२८ कमला-लक्ष्मी, अक्ष-धुरा । ४२ राजीव-कमल ।

लंकाधिपकुलध्वंसी[४३] विभीषणवरप्रदः[४४] ।
सीतानन्दकरो[४५] रामो वीरो[४६] वारिधिबंधनः[४७] ॥६०॥
खरदूषणसंहारी[४८] साकेतपुरवासवान्[४९] ।
चन्द्रावलीपतिः[५०] कूलः[५१] केशिकंसवधोऽमलः[५२] ॥६१॥
माधवो[५३] मधुहा[५४] माध्वी[५५] माध्वीको[५६] माधवीविभुः[५७] ।
मुंजाटवीगाहमानो[५८] धेनुकारिर्धरात्मजः[६०] ॥ ६२ ॥
वंशीवटविहारी[६१] च गोवर्द्धनवनाश्रयः[६२] ।
तथा तालवनोद्देशी[६३] भांडीरवनशङ्कहा[६४] ॥ ६३ ॥

४३ रावणकुल के नाशक ४४ विभीषण के वरदाता ४५ सीता के आनन्ददाता राम ४६ पराक्रमी ४७ समुद्र के बंधनकर्ता ४८ खरदूषण के नाशकर्ता ४९ गोलोकवासी ५० चन्द्रावली सखी वा शोभा के पति ५१ आच्छादनकर्ता ५२ केशी तथा कंस के नाशक ५३ पापरहित ५४ यदुवंशी ५५ मधु दैत्यनाशक ५६ मधुरतायुक्त ५७ मधुरता के रक्षक ५८ माधवी गोपी के स्वामी ५९ मूँजा के वन में विचरनेवाले ६० धेनुकासुर के शत्रु ६१ यशोदा के आत्मज ६२ वंशीवटविहारी ६३ गोवर्धन वन में विश्रामकारी ६४ तालवन के संकेती ६५ भांडीर वन की शंका के नाशक ।

---

४९ साकेतपुर=गोलोक । ५१ कूल=तट । ५४ मधु=यदुवंश ।
५९ मुंज=मूँजा, अटवी=वन, गाहमान=ढूँढ़ना ।

तृणावर्तकृपाकारी[६६] वृषभानुसुतापतिः[६७] ।
राधाप्राणसमो[६८] राधावदनाब्जमधुव्रतः[६९] ॥ ६४ ॥
गोपीरंजनदैवज्ञो[७०] लीलाकमलपूजितः[७१] ।
क्रीडाकमलसन्दोहो[७२] गोपिकाप्रीतिरंजनः[७३] ॥६५॥
रंजको[७४] रंजनो[७५] रङ्गो[७६] रङ्गी[७७] रङ्गमहीरुहः[७८] ।
कामः[७९] कामारिभक्तोऽयं[८०] पुराणपुरुषः[८१] कविः[८२] ॥६६॥
नारदो[८३] देवलो[८४] भीमो[८५] बालो[८६] बालमुखाम्बुजः[८७] ।
अम्बुजो[८८] ब्रह्म[८९] साक्षी[९०] च योगीदत्तवरो[९१] मुनिः[९२] ६७

६६ तृणसमूह में विश्राम करनेवाले ६७ वृषभानु की सुता के पति ६८ राधा के प्राणसमान ६९ राधा के कमलरूपी वदन के भ्रमर ७० गोपियों के शृंगार के ज्योतिषी ७१ कमल-पुष्पों से राधा के पूजक ७२ क्रीड़ा के अर्थ कमल संचय करनेवाले ७३ गोपियों की प्रीति के रंजनकर्ता, ७४ भूषित करनेवाले ७५ आनन्ददाता ७६ आनन्दरूप ७७ अनुरागी ७८ रङ्गभूमि में पधारनेवाले ७९ चित्त में व्याप्त ८० शंकर के प्रेमी ८१ पूर्वपुरुष ८२ काव्यकर्ता ८३ धर्म के दाता ८४ देवताओं के अनुरागी ८५ बृहत्काय ८६ शिशु ८७ बालक के समान कमलरूपी मुखवाले ८८ जल के जेता (मत्स्यावतारी) ८९ धर्मवर्द्धक ९० सर्वदर्शी ९१ योगियों के वरदाता ९२ ज्ञानी (मननकर्ता) ।

---

६६ तृण-खर, आवर्त-समूह । ७१ लीला-राधा ।

ऋषभः पर्वतो ग्रामो नदीपवनवल्लभः ।
पद्मनाभः सुरज्येष्ठो ब्रह्मा रुद्रोऽहिभूषितः ॥६८॥
गणानां त्राणकर्ता च गणेशो गृहिलो ग्रही ।
गणाश्रयो गणक्रोधी क्रोडीकृतजगत्त्रयः ॥ ६९ ॥
यादवेन्द्रो द्वारकेन्द्रो मथुरावल्लभो धुरी ।
भ्रमरः कुन्तली कुन्तीसुतरक्षी महामखी ॥७०॥
यमुनावरदाता च कश्यपस्य वरप्रदः ।
शंखचूडवधो दामी गोपीरक्षणतत्परः ॥ ७१ ॥

९३ सर्वश्रेष्ठ ९४ अचल ९५ रागरूप ९६ जलवायु के स्वामी ९७ कमलनाभ ९८ देवताओं से बड़े ९९ सृष्टिकर्ता १०० घोररूप ।

इति श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रे तृतीयः शतकः ॥

१ सर्प से भूषित २ गणों के रक्षक ३ गणों के ईश ४ प्रासादवाले ५ ग्रहों के स्वामी ६ गणों के आश्रयदाता ७ गणों पर क्रोध करनेवाले ८ जगत्त्रय के स्वामी ९ यदुवंशियों के इन्द्र १० द्वारका के इन्द्र ११ मथुरा के वल्लभ १२ धारणकर्ता १३ विचरनेवाले १४ कुन्त नाम वाद्यधारी १५ कुंतीसुतरक्षक १६ पंच यज्ञादिकों के कर्ता १७ यमुना के वरदाता १८ कश्यप के वरप्रद १९ शंखचूड़ के नाशक २० पाशधारी २१ गोपियों की रक्षा में तत्पर ।

---

२० दाम-रस्सी ।

२२ २३ २४ २५ २६
पाञ्चजन्यकरो रामी त्रिरामी वनजो जयः ।
२७ २८ २९
फाल्गुनः फाल्गुनसखो विराधवधकारकः ॥७२॥
३० ३१
रुक्मिणीप्राणनाथश्च सत्यभामाप्रियंकरः ।
३२ ३३ ३४ ३५
कल्पवृक्षो महावृक्षो दानवृक्षो महाफलः ॥ ७३ ॥
३६ ३७ ३८ ३९ ४० ४१
अंकुशो भूसुरो भावो भामको भ्रामको हरिः ।
४२ ४३ ४४ ४५ ४६
शरलः शाश्वतो वीरो यदुवंशी शिवात्मकः ७४

२२ पांचजन्य शंखधारी २३ स्त्रियोंके स्वामी २४ महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती के निवासस्थान २५ जल के वेग को जीतनेवाले २६ जयरूप २७ नर (अर्जुन) रूप २८ अर्जुन के सखा २९ विराध के नाशक ३० रुक्मिणी के प्राणनाथ ३१ सत्यभामा के प्रियकारक ३२ मनोरथपूरक ३३ सुरतरु ३४ दान के वृक्ष ३५ मोक्षरूप ३६ संसार के अंकुश ३७ पृथ्वी के देवता ३८ प्रभारक्षक ३९ सत्यभामा के सुखद ४० संसार को भ्रमानेवाले ४१ हरणकर्ता ४२ विद्युत् ४३ शीघ्री ४४ कंपनकारी ४५ यदुवंशी ४६ कल्याणरूपी आत्मावाले ।

---

२२ पांचजन्य=शंख का नाम। २७ फाल्गुन=अर्जुन। ३५ महाफल=मोक्ष। ३८ भा=दीप्ति, अव=रक्षा। ३९ भाम=सत्यभामा। ४२ शर=जल, उत्तेजना, बाण, मलाई, शर (मेदिनीकोश)

प्रद्युम्नो बलकर्ता च प्रहर्ता दैत्यहा प्रभुः ।
महाधनो महावीरो वनमालाविभूषणः ॥ ७५ ॥
तुलसीदामशोभाढ्यो जलन्धरविनाशनः ।
सूरः सूर्य्यो मृतंडश्च भास्करो विश्वपूजितः ७६
रविस्तमोहा वह्निश्च वाडवो वडवानलः ।
दैत्यदर्पविनाशी च गरुडो गरुडाग्रजः ॥ ७७ ॥
गोपीनाथो महानाथो वृन्दानाथो विरोधकः ।
प्रपञ्ची पञ्चरूपश्च लतागुल्मश्च गोपतिः ॥ ७८ ॥

४७ काम के अवतार ४८ बल के उत्पादक ४९ गर्वहारी ५० दैत्यों के नाशक ५१ सबके स्वामी ५२ महात्माओं के धन ५३ बड़े वीर ५४ वनमालाधारी ५५ तुलसी की माला से शोभित ५६ मेघ वा जलंधर दैत्य के नाशक ५७ दिव्य अग्नि ५८ सूर्य ५९ पृथ्वी में नृत्यकारी ६० प्रकाशयुक्त ६१ संसार से पूजित ६२ सूर्य ६३ अन्धकारनाशक ६४ अग्नि ६५ जलबंधनकर्ता ६६ जल की अग्नि ६७ दैत्यदर्पनाशक ६८ शीघ्र गतिवाले ६९ गरुड़ से भी शीघ्रगामी ७० गोपियों के नाथ ७१ पंचतत्त्व के नाथ ७२ वृन्दा के नाथ ७३ विरोधक ७४ प्रपंची ७५ पंचरूप ७६ लता के गुल्म (बाँदा) ७७ श्रुतियों के पति ।

---

७७ गो-वेद, पति-स्वामी ।

गंगा च यमुनारूपो गोदा वेत्रवती तथा ।
कावेरी नर्मदा तापी गण्डकी सरयू रजः ॥७९॥
राजसस्तामसस्सावी सर्वाङ्गी सर्वलोचनः ।
मुदामयोऽमृतमयो योगिनीवल्लभः शिवः ॥८०॥
बुद्धो बुद्धिमतां श्रेष्ठो विष्णुर्जिष्णुः शचीपतिः ।
वंशी वंशधरो लोकविलोको मोहनाशनः ॥८१॥
रवरावो रवो रावा बाला बालबलाहकः ।

७८ गंगारूप ७९ यमुनारूप ८० गोदावरीरूप ८१ बेतवा-रूप ८२ कावेरीरूप ८३ नर्मदारूप ८४ तापीरूप ८५ गंडकी-रूप ८६ सरयूरूप ८७ तथा इनके रजरूप ८८ राजसगुणी ८९ तामसगुणी ९० सत्त्वगुणी ९१ विश्व के अंग ९२ सर्व-दर्शक ९३ आनन्दमय ९४ अमृतमय ९५ योगिनियों के वल्लभ ९६ कल्याणरूप ९७ जानने योग्य ९८ ज्ञानियों में श्रेष्ठ ९९ प्रवेश का स्थान १०० जयशील ।

इति श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रे चतुर्थः शतकः ।

१ इन्द्राणी के पति २ वंशवान् ३ वंशधारणकर्ता ४ लोकों में विशिष्ट लोक ५ मोह के नाशक ६ ऊँचे शब्दवाले ७ शब्दरूप ८ शब्दरक्षक ९ बालरूप १० नवीन अग्नि ।

---

६ रव-शब्द, राव-वेग । १० बलाहक-अग्नि ।

११ १२ १३ १४ १५ १६
शिवो रुद्रोनलोनीलो लाङ्गलीलाङ्गलाश्रयः८२
१७ १८ १९ २० २१
पारदः पावनो हंसो हंसारूढो जगत्पतिः ।
२२ २३ २४
मोहनीमोहनो मायामहामायी महासुखी ॥८३॥
२५ २६ २७ २८
वृषो वृषाकपिः कालः कालीदमनकारकः ।
२९ ३० ३१
कुब्जाभाग्यप्रदो वीरो रजकक्षयकारकः ॥८४॥
३२ ३३ ३४ ३५ ३६
कोमलो वारुणो राजा जलजो जलधारकः ।
३७ ३८ ३९ ४०
हारकः सर्वपापघ्नः परमेष्ठी पितामहः ॥ ८५ ॥

११ कल्याण के दाता १२ घोररूप १३ महिम्न १४ नीलमणि के समान १५ हलधर १६ लाङ्गल के आश्रयी १७ मोक्ष के दाता १८ पवित्र १९ हंसावतार २० हंस के सवार २१ संसार के पति २२ माया के मोहनकर्ता २३ माया के मर्दनकर्ता २४ अत्यन्त सुखी २५ धर्मरूप २६ धर्म के कंपनकर्ता २७ कालरूप २८ काली के दमनकर्ता २९ कुब्जा के भाग्यवर्द्धक ३० कंपनरहित ३१ रजक के नाशक ३२ मृदु ३३ रत्नों के स्वामी ३४ शोभित ३५ जल के जेता ३६ जलधारणकर्ता ३७ हरणकर्ता ३८ सम्पूर्ण पापों के नाशक ३९ आकाश में व्याप्त ४० पितरों के उत्पादक ।

---

१५ लाङ्गल-हल । १७ पार-दूसरा तट । २६ वृष-धर्म, कपि-कंपनकारी ।

खड्गधारी[४१] कृपाकारी[४२] राधारमणसुन्दरः[४३] ।
द्वादशारण्यसम्भोगी[४४] शेषनागफणालयः[४५] ॥८६॥
कामः[४६] श्यामः[४७] सुखश्रीदः[४८] प्रीहः[४९] प्रीदः[५०] पतिः[५१] कृती[५२] ।
हरि[५३] र्हरो[५४] नरो[५५] नारो[५६] नरोत्तम[५७] इषुप्रियः[५८] ८७
गोपालीचित्तहर्ता[५९] च कर्ता[६०] संसारतारकः[६१] ।
आदिदेवो[६२] महादेवो[६३] गौरीगुरुरनाश्रयः[६४] ॥८८॥
साधुर्मधुर्विधुर्धाता[६५] त्राताऽक्रूरपरायणः[६६] ।
रोलम्बी[६७] च हयग्रीवो[६८] वानरारिर्वनाश्रयः[६९] ॥८९॥

४१ खड्गधारणकर्ता ४२ कृपा करनेवाले ४३ राधारमण सुन्दर ४४ बारह वनों के विहारी ४५ शेषशायी ४६ काम के नियमकर्ता ४७ श्याम ४८ सुखरूप लक्ष्मी के दाता ४९ प्रीतियुक्त ५० प्रीति के दाता ५१ रक्षक ५२ सब कुछ करनेवाले ५३ हरि ५४ पापहारी ५५ नररूप ५६ नरोत्पादक ५७ नरों में उत्तम ५८ ज्ञानप्रिय ५९ गोपियों के चित्तहर्ता ६० कर्ता ६१ संसार के तारक ६२ आदिदेव ६३ बड़े देव ६४ कुमारियों के गुरु ६५ आश्रयरहित ६६ साधक ६७ लक्ष्मी के परिहासक ६८ अमृत के स्थान ६९ धारण-कर्ता ७० रक्षक ७१ अक्रूर के रक्षक ७२ माला में भ्रमरों की गुंजार ७३ हयग्रीव ७४ द्विविद के शत्रु ७५ वन के आश्रयी ।

वनं[७६] वनी[७७] वनाध्यक्षो[७८] महाबन्धो[७९] महामुनिः[८०] ।
स्यमन्तकमणिप्राज्ञो[८१] विज्ञो[८२] विघ्नविघातकः[८३] ॥८०॥
गोवर्द्धनो[८४] वर्द्धनीयो[८५] वर्द्धनी[८६]वर्द्धनः[८७] प्रियः ।
वर्द्धन्यो[८८] वर्द्धनो[८९] वर्द्धी[९०] वर्द्धिष्णुः[९१] सुमुखः[९२] प्रियः[९३] ९१
वर्द्धितो[९४] वृद्धको[९५] वृद्धो[९६] वृन्दारकजनप्रियः[९७] ।
गोपालरमणीभर्ता[९८] साम्बकुष्ठविनाशनः[९९] ॥ ९२ ॥
रुक्मिणीहरणप्रेमी[१००] प्रेमी[१] चन्द्रावलीपतिः[२] ।

७६ गहन ७७ वन के स्वामी ७८ वन के नायक ७९ महाबंध ८० बड़े मननकर्ता ८१ स्यमंतक मणि के ज्ञाता ८२ कुशाग्रबुद्धि ८३ विघ्ननाशक ८४ गोवर्द्धनरूप ८५ बढ़ानेवाले ८६ संपदा के वर्द्धक ८७ प्रिय ८८ बढ़ाने में समर्थ ८९ बढ़नेवाले ९० बढ़े हुए ९१ रूप के वर्द्धक ९२ सुन्दरमुख ९३ पिता के प्रिय ९४ भक्तों के वर्द्धक ९५ ज्ञानवृद्धों के सुखद ९६ ज्ञानवृद्ध ९७ देवताओं के प्रिय ९८ गोपालरमणियों के रक्षक ९९ साम्बकुष्ठ के नाशक १०० रुक्मिणीहरण के प्रेमी ।

इति श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रे पंचमः शतकः ॥

१ प्रेमयुक्त २ चन्द्रावली सखी के पति ।

---

८६ वर्द्धनी–बढ़नेवाली, वर्द्धन–बढ़ानेवाले ।

श्रीकर्ता[३] विश्वभर्ता[४] च नारायणनरो[५] बली[६] ॥८३॥
गणो[७] गणपतिश्चैव[८] दत्तात्रेयो[९] महामुनिः[१०] ।
व्यासो[११] नारायणो[१२] दिव्यो[१३] भव्यो[१४] भावुकधारकः[१५] ८४
स्वः[१६] श्रेयसं[१७] शिवं[१८] भद्रं[१९] भावुकं[२०] भविकं[२१] शुभम्[२२] ।
शुभात्मकः[२३] शुभः[२४] शास्ता[२५] प्रशस्तो[२६] मेघनादहा[२७] ८५
ब्रह्मण्यदेवो[२८] दीनानामुद्धारकरणक्षमः[२९] ।
कृष्णः[३०] कमलपत्राक्षः[३१] कृष्णः[३२] कमललोचनः[३३] ॥ ८६ ॥

३ लक्ष्मी के उत्पादक ४ संसार के पोषक ५ नरनारायण (अर्जुन-कृष्ण) ६ सामर्थी ७ गणनारूप ८ गणना के पति (बिन्दुरूप) ९ दत्तात्रेयरूप १० बड़े मननकर्ता ११ गरुड़ासन वा व्यासरूप १२ जल के स्थान १३ विशिष्ट १४ दर्शनीय १५ भावना करनेवालों के धारक १६ आश्रयरहित १७ भलाई के रूप १८ कल्याणरूप १९ मंगलरूप २० भावनाकारक २१ सत्तारूप वा होनहार २२ दिव्य २३ मंगल के मंगलदाता २४ शोभायुक्त २५ शासनकर्ता २६ प्रशंसनीय २७ मेघ शब्द के नाशक २८ यज्ञ के देव २९ दीनजनों के उद्धार करने में समर्थ ३० सुन्दरता के कर्षक ३१ बड़े नेत्रवाले ३२ धर्मकर्षक ३३ कमल के प्रकाशक ।

---

७ गण=गणना । १२ नार=जल, अयन=घर । २८ ब्रह्मण्य=यज्ञ । ३३ लोचन= प्रकाश ।

३४ ३५ ३६ ३७
कृष्णः कामी सदाकृष्णः समस्तप्रियकारकः ।
३८ ३९ ४० ४१ ४२ ४३
नन्दो नन्दी महानादो भादो मादनकः किलो ९७
४४ ४५ ४६ ४७ ४८ ४९ ५०
हिलो मिली गिली गोली गोलो गोलालयो गुली ।
५१ ५२ ५३ ५४ ५५ ५६
गुग्गुली मारकी शाखी वटः पिप्पलकः कृती ९८
५७ ५८ ५९
म्लेच्छहा कालहर्ता च यशोदायश एव च ।
६० ६१ ६२ ६३ ६४ ६५
अच्युतः केशवो विष्णुर्हरि । सत्यो जनार्दनः ९९

३४ ओखली के कर्षक ३५ कामनायुक्त ३६ सदा एक समान ३७ सबके मनोरथपूरक ३८ आनन्दरूप ३९ नन्द के वंशज ४० वेदरूप नादवाले ४१ मदरूप ४२ उन्मादक ४३ खेलक्कड़ ४४ बालकों के प्रेमी ४५ बालकों में मिलनेवाले ४६ भक्षक ४७ गोलक खेल खेलनेवाले ४८ देववाणी के दाता ४९ गोलोकवासी ५० उद्यमी ५१ व्याधि से रक्षा करनेवाले ५२काम के काल५३वेद के विभागकर्ता ५४ वेष्टित करनेवाले ५५ जल में सुखी ५६ कृतयुगरूप वा सब कुछ करनेवाले ५७ म्लेच्छनाशक ५८ दुर्भिक्षनाशक ५९ यशोदा के भाग्यरूप ६० धर्म से विचलित न होनेवाले वा नाशरहित ६१ दिव्य केशधारी ६२ सबके स्थान ६३ हरणकर्ता ६४ मिथ्यारहित ६५ याचक ।

---

४० महानाद=वेद । ४८ गो=वेदवाणी, ल=दाता । ४९ गोल=गोलोक, आलय=स्थान । ५० गुल=उद्यम । ५१ गुज्=व्याधि, गुल=रक्षा । ५५ पिप्पल=जल ।

हंसो[६६] नारायणो[६७] लीनो[६८] नीलो[६९] भक्तिपरायणः[७०] ।
जानकीवल्लभो[७१] रामो[७२] विरामो[७३] विषनाशनः[७४] ॥१००॥
सहभानुर्महाभानुः[७५] वीरभानुर्महोदधिः[७६] ।
समुद्रोऽब्धि[७७] रकूपारः[७८] पारावारः[७९] सरित्पतिः[८०] ॥१०१॥
गोकुलानन्दकारी[८१] च प्रतिज्ञापरिपालकः[८२] ।
सदारामः[८३] कृपारामो[८४] महारामो[८५] धनुर्धरः[८६] ॥१०२॥
पर्वतः[८७] पर्वताकारो[८८] गयोगायो[८९] द्विज प्रियः[९०] ।

६६ योग द्वारा मिलनेवाले वा नीर-क्षीरविवेकी ६७ जल के स्थान ६८ लीला के पति वा तन्मय ६९ निरन्तर दर्शक ७० भक्ति में तत्पर ७१ जानकीवल्लभ ७२ राक्षसहंता ७३ ठहरने का स्थान ७४ विषनाशक ७५ सूर्यसम ७६ बड़े सूर्य ७७ वीरों के सूर्य ७८ उत्सव के समुद्र ७९ समुद्र ८० जलधारणकर्ता ८१ भवगर्त के तारक ८२ दोनों तट (संसार तथा मोक्ष) वा उस पार पहुँचानेवाले ८३ नदियों के पति ८४ गोकुल को आनन्दित करनेवाले ८५ प्रतिज्ञा के पालक ८६ सदा सुखरूप ८७ कृपा की फुलवाड़ी ८८ बड़े सुखी ८९ धनुषधारी ९० अचल ९१ बड़े आकारवाले ९२ श्रीगयाजी में पूज्य ९३ ब्राह्मणों के प्रेमी ।

---

६६ हंस-मिलना । ८१ कूप-भवगर्त । ९२ गाय-पूजित ।

कमलाश्वतरो[९४] रामो[९५] रामायणप्रवर्तकः[९६] ॥ १०३ ॥
द्यौ[९७] र्दिवो[९८] दिवसो[९९] दिव्यो[१००] भव्यो[१] भाविभयापहः[२] ।
पार्वतीभाग्यसहितो[३] भर्ता[४] लक्ष्मीविलासवान्[५] १०४
विलासी[६] साहसी[७] सर्वी[८] गर्वी[९] गर्वितलोचनः[१०] ।
मुरारिः[११] सर्वधर्मज्ञो[१२] जीवनो[१३] जीवनान्तकः[१४] ॥ १०५ ॥
यमो[१५] यमारिर्[१६] यमनो[१७] यामी[१८] यामविधायकः[१९] ।

९४ दिव्य अश्ववाले ९५ दाता ९६ रामकथाप्रवर्तक (वाल्मीकि) ९७ प्रकाशमान ९८ अन्धकारनाशक ९९ दिवस-रूप १०० दिव्य गुणवाले ।

इति श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रे षष्ठः शतकः ॥

१ विशिष्ट २ भावी भय के नाशक ३ हरिहरात्मकरूप ४ सर्वपालक ५ लक्ष्मी के विलासी ६ विलासकारी ७ कठिन कार्य के कर्ता ८ देवमित्रादिकों की मूर्ति ९ मानी १० गर्वीले नेत्रधारी ११ मुर दैत्य के शत्रु १२ सब धर्मों के ज्ञाता १३ संसार के जीवन १४ यमराज १५ काल १६ काल के शत्रु १७ काल से स्तुत १८ प्रहर के स्वामी १९ प्रहर के विधानकर्ता ।

---

९७ द्यौ-प्रकाश । ९८ दिव-क्रीड़ा । ३ पार्वतीभाग्य-शिव । १५ यम-काल, ब्रह्मचर्य, दया, शान्ति, दान, सत्य, कुलीनता, अहिंसा, अस्तेय, मधुरभाषण, इन्द्रियों का निग्रह ये यम हैं। परन्तु यहाँ यम से काल का प्रयोजन है । १८ याम-प्रहर ।

वंशुली[२०] पांशुली[२१] पांशुः[२२] पांडुरर्जुनवल्लभः[२३][२४] ॥१०६॥
ललिताचन्द्रिकामाली[२५] माली[२६] मालाम्बुजाश्रयः[२७] ।
अम्बुजाक्षो[२८] महायक्षोदक्षश्चिन्तामणिःप्रभुः[२९][३०][३१][३२] १०७
मणिर्दिनमणिश्चैव[३३] केदारो[३४] बदरीश्रयः[३५] ।
बदरीवनसंप्रीतो[३६] व्यासः[३७] सत्यवतीसुतः[३८][३९] ॥ १०८॥
अमरारिनिहन्ता[४०] च सुधासिंधुर्विधूदयः[४१][४२] ।
चन्द्रो[४३] रविः[४४] शिवः[४५] शूली[४६] चक्री[४७] चैव गदाधरः[४८]१०९

२० कलावान् २१ पापनाशक, कलाओं से युक्त २२ संयमी २३ सर्वज्ञ २४ अर्जुन के स्वामी २५ ललित चंद्रिकाओं से युक्त मालाधारी २६ मालाधारी वा लक्ष्मी के निवासस्थान २७ कमलमालाधारी २८ मछली के समान चंचल नेत्रवाले २९ महायक्ष ३० कुशल ३१ कल्पवृक्ष ३२ प्रभायुक्त ३३ रत्नरूप ३४ सूर्यरूप ३५ जल में विदारण करनेवाले ३६ बेर के आस्वादक ३७ बदरीवन के पूर्ण प्रेमी ३८ व्याख्याता ३९ सत्यवती के सुत ४० देवशत्रुनाशक ४१ अमृत के समुद्र ४२ पूर्णचन्द्र के समान उदय ४३ चन्द्ररूप ४४ रविरूप ४५ शिवरूप ४६ शूलधारी ४७ चक्रधारी ४८ गदाधारी ।

---

२० वंशुली-कला । २१ पांशु-पापनाशक शक्ति । २२ पांशु-संयम । २३ पांडु-बुद्धि । ३५ क-जल ।

श्रीकर्ता[४९] श्रीपतिः[५०] श्रीदः[५१] श्रीदेवो[५२] देवकीसुतः[५३]।
श्री पतिः[५४] पुण्डरीकाक्षः[५५] पद्मनाभो[५६] जगत्पतिः[५७]११०
वासुदेवोऽप्रमेयात्मा[५८] केशवो[५९] गरुडध्वजः[६०]।
नारायणः[६१] परंधाम[६२] देवदेवो[६३] महेश्वरः[६४]॥ १११ ॥
चक्रपाणिः[६५] कलापूर्णो[६६] वेदवेद्यो[६७] दयानिधिः[६८]।
भगवान्[६९] सर्वभूतेशो[७०] गोपालः[७१] सर्वपालकः[७२]॥११२॥
अनन्तो[७३] निर्गुणो[७४] नित्यो[७५] निर्विकल्पो[७६] निरञ्जनः[७७]।

४९ श्री के कर्ता ५० श्री के पति ५१ श्री के दाता ५२ श्री के देव ५३ देवकी के सुत ५४ बुद्धि के पति ५५ हृत्पद्म के धारक ५६ कमलनाभ ५७ संसार के स्वामी ५८ हृदय के प्रकाशक ५९ उपमारहित ६० केशव ६१ गरुडध्वज ६२ देर में सुननेवाले ६३ दिव्यधाम ६४ देवताओं के देवता ६५ बड़े प्रभाववाले ६६ चक्रधारी ६७ षोडश कलाओं से पूर्ण ६८ वेद द्वारा जानने योग्य ६९ दया के समुद्र ७० ऐश्वर्यवान् ७१ सबके स्वामी ७२ गोपालक ७३ सबके पालनकर्ता ७४ अन्तरहित ७५ सत्त्व-रज-तम-गुणरहित ७६ सदा विद्यमान ७७ विकल्परहित ७८ मायारहित।

---

५५ पुंडरीक=हृत्पद्म। ५८ वासु=हृदय, देव=प्रकाश।

निराधारो[७९] निराकारो[८०] निराभासो[८१] निराश्रयः[८२]॥११३॥
पुरुषः[८३] प्रणवातीतो[८४] मुकुन्दः[८५] परमेश्वरः[८६]।
क्षणावनिःसार्वभौमो[८७] वैकुण्ठो[८८] भक्तवत्सलः[८९]॥११४॥
विष्णुर्दामोदरः[९१] कृष्णो[९२] माधवो[९३] मथुरापतिः[९४]।
देवकीगर्भसम्भूतोयशोदावत्सलो[९६] हरिः[९७] ॥११५॥
शिवः[९८] सङ्कर्षणः[९९] शम्भुर्भूतनाथो[१००] दिवस्पतिः[१]।
अव्ययः[२] सर्वधर्मज्ञो[३] निर्मलो[४] निरुपद्रवः[५] ॥११६॥

७९ आधाररहित ८० आकाररहित ८१ पर प्रकाश-रहित ८२ आश्रयरहित ८३ पुरुष ८४ ओंकार से परे ६५ मुक्ति के दाता ८६ माया के स्वामी ८७ समय के रक्षक ८८ चक्र-वर्ती ८९ नाशरहित ९० भक्तों के प्रेमी ९१ विष्णु ९२ दामोदर ९३ कृष्ण ९४ माधव ९५ मथुरा के पति ९६ देवकी के गर्भज ९७ यशोदा के कृपालु ९८ ज्ञान के दाता ९९ कल्याणरूप १०० सम्यक् कर्षणकारी।

इति श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रे सप्तमः शतकः।

१ सुख के निमित्त २ प्राणियों के नाथ ३ स्वर्ग के पति ४ नाशरहित ५ सब धर्मों के ज्ञाता ६ पवित्र ७ उपद्रवरहित (शान्त)।

---

८१ निर=निर्गत, आभास=प्रकाश। ८४ प्रणव=ओंकार। ८६ वि=विगत, कुंठ=नाश। ९१। ९२। ९३। ९४ इन नामों के अर्थ पहिले लिखे जा चुके हैं। ३ दिव=स्वर्ग।

निर्वाणनायको[८] नित्यो[९] नीलजीमूतसन्निभः[१०] ।
कलाक्षयश्च[११] सर्वज्ञो[१२] कमलारूपतत्परः[१३] ॥११७॥
हृषीके[१४] शो पीतवासा[१५] वसुदेवप्रियात्मजः[१६] ।
नन्दगोपकुमारार्यो[१७] नवनीताशनो[१८] विभुः[१९] ॥११८॥
पुराणपुरुषः[२०] श्रेष्ठो[२१] शङ्खपाणिः[२२] सुविक्रमः[२३] ।
अनिरुद्धः[२४] चक्ररथः[२५] शार्ङ्गपाणिः[२६] चतुर्भुजः[२७] ॥११९॥
गदाधरः[२८] सुरार्तिघ्नो[२९] गोविन्दो[३०] नन्दकायुधः[३१] ।
वृन्दावनचरः[३२] शौरिः[३३] वेणुवाद्यविशारदः[३४] ॥१२०॥

८ स्वर्ग के नायक ९ सदा विद्यमान १० नील मेघ के समान ११ अक्षय कलावान् १२ सब जाननेवाले १३ लक्ष्मीरूप में दत्तचित्त १४ दिव्य किरणवान् १५ पीत-वस्त्रधारी १६ वसुदेव के प्रिय आत्मज १७ नन्दगोप के बालकों में श्रेष्ठ १८ मक्खन खानेवाले १९ स्वामी २० अनादि पुरुष २१ श्रेष्ठ २२ शंखधारी २३ दिव्यपराक्रमी २४ निरोध-रहित २५ वर्तुल रथवान् २६ शार्ङ्गधन्वाधारी २७ चतु-र्भुज २८ गदाधारी २९ देवतों के दुःखनाशक ३० पृथ्वी में होनेवाले ३१ नन्दक अस्त्रधारी ३२ वृन्दावनविहारी ३३ शूर के वंशज ३४ वंशी बजाने में चतुर ।

---

८ निर्वाण-स्वर्ग । १० जीमूत-मेघ । ३१ नन्दक-अस्त्र का नाम

३५ ३६ ३७
तृणावर्तान्तको भीमसाहसो बहुविक्रमः ।
३८ ३९
शकटासुरसंहारी बकासुरविनाशनः ॥ १२१ ॥
४० ४१ ४२
धेनुकासुरसंहारी पूतनारिर्नृकेशरी ।
४३ ४४ ४५ ४६ ४७
पितामहो गुरुः साक्षी प्रत्यगात्मा सदाशिवः १२२
४८ ४९ ५० ५१ ५२
अप्रमेयो प्रभुः प्राज्ञोऽप्रतर्क्यः स्वप्नवर्द्धनः ।
५३ ५४ ५५ ५६ ५७ ५८ ५९
धन्यो मान्यो भवो भावो धीरः शान्तो जगद्गुरुः ।
६० ६१ ६२ ६३ ६४
अन्तर्यामीश्वरो दिव्यो दैवज्ञो देवसंस्तुतः ।
६५ ६६ ६७ ६८
क्षीराब्धिशयनो धाता लक्ष्मीवान् लक्ष्मणाग्रजः ॥

३५ तृणावर्त के काल ३६ बड़े पराक्रमी ३७ बड़े विक्रमी ३८ शकटासुर के संहारकर्ता ३९ बकासुर के नाशक ४० धेनुकासुर के संहारकारी ४१ पूतना के शत्रु ४२ मनुष्यों में सिंह ४३ पितरों के उत्पादक ४४ संसार के गुरु ४५ सर्वत्र विद्यमान ४६ सबसे पृथक् ४७ सदा कल्याणकारी ४८ उपमारहित ४९ समर्थ ५० बुद्धिमान् ५१ बुद्धि से परे ५२ स्वप्न के द्वारा वर्द्धक ५३ सर्वपूज्य ५४ सर्वमान्य ५५ संसाररूप ५६ भावनारूप ५७ धैर्यवान् ५८ सहनशील ५९ संसार के मान्य ६० सर्वव्यापक ६१ जड़-चैतन्य के स्वामी ६२ ध्यान करने योग्य ६३ त्रिकालज्ञ ६४ देवताओं से स्तुत ६५ क्षीरशायी ६६ धारणकर्ता ६७ धनी ६८ रामरूप ।

---

४२ नृ=मनुष्य, केशरी=सिंह ।

धात्रीपतिरमेयात्मा[६९] चन्द्रशेखरपूजितः[७०] ।[७१]
लोकसाक्षी[७२] जगच्चक्षुः[७३] पुण्यचारित्रकीर्तनः[७४]॥१२५॥
कोटिमन्मथसौन्दर्यो[७५] जगन्मोहनविग्रहः[७६] ।
मन्दस्मिततनुर्गोपगोपिकापरिवेष्टितः[७७][७८] ॥ १२६ ॥
फुल्लारविन्दनयनः[७९] चाणूरान्ध्रनिषूदनः[८०] ।
इन्दीवरदलश्यामो[८१] बर्हिबर्हावतंसकः[८२] ॥ १२७ ॥
मुरलीनिनदाह्लादो[८३] दिव्यमाल्याम्बरावृतः[८४] ।
सुकपोलयुगः[८५] सुभ्रूयुगलः[८६] सुललाटकः[८७] ॥ १२८ ॥

६९ पृथ्वी के पति ७० आत्मा से परे ७१ चन्द्रशेखर से पूजित ७२ संसार के दर्शक ७३ संसार के नेत्र ७४ जिनका पवित्र चरित्र कीर्तन करने योग्य ७५ कोटि काम के समान सुन्दर ७६ संसार के मोहनरूप ७७ मंदहास्ययुक्त शरीर ७८ गोप-गोपियों से वेष्टित ७९ फूले कमल के समान नेत्र ८० चाणूर तथा अंध्र दैत्य के नाशक ८१ नील कमल के समान श्याम ८२ मयूरपुच्छमुकुटधारी ८३ मुरली बजाने के आनन्दी ८४ सुन्दर माला तथा सुन्दर वस्त्र से आवृत ८५ सुन्दर दोनों कपोल ८६ सुन्दर दोनों भौंहें ८७ सुन्दर चौड़ा ललाट ।

---

७९ अरविन्द-कमल । ८१ इन्दीवर-नील कमल । ८२ बर्हि-मयूर, बर्ह-पुच्छ, अवतंस-मुकुट ।

कम्बुग्रीवो[८८] विशालाक्षो[८९] लक्ष्मीवान्[९०] शुभलक्षणः[९१] ।
पीनवक्षाश्चतुर्बाहुश्चतुर्मूर्तिस्त्रिविक्रमः[९२] [९३] [९४] [९५] ॥१२९॥
कलङ्करहितः[९६] शुद्धो[९७] दुष्टशत्रुनिवर्हणः[९८] ।
किरीटकुण्डलधरः[९९] कटकाङ्गदमण्डितः[१००] ॥ १३० ॥
मुद्रिकाभरणोपेतः[१] कटिसूत्रविराजितः[२] ।
मञ्जीररञ्जितपदः[३] सर्वाभरणभूषितः[४] ॥ १३१ ॥
विन्यस्तपादयुगलो[५] दिव्यमङ्गलविग्रहः[६] ।
गोपिकानयनानन्दः[७] पूर्णचन्द्रनिभाननः[८] ॥१३२॥

८८ शंख के समान ग्रीवा ८९ विशाल नेत्र ९० श्रीमान् ९१ दिव्य लक्षणयुक्त ९२ पुष्ट वक्षःस्थल ९३ चतुर्भुज ९४ चतुर्मूर्ति ९५ तीन लोक नापनेवाले ९६ कलंकरहित ९७ विकाररहित ९८ दुष्ट तथा शत्रुओं के नाशक ९९ किरीट तथा कुंडलधारी १०० कटक तथा विजायठधारी ।

इति श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रे अष्टमः शतकः ।

१ मुद्रिका आभरण से भूषित २ कटिसूत्र से शोभित ३ महावर से रँगे चरणवाले ४ सम्पूर्ण आभरणों से आभूषित ५ भक्तार्थ दोनों चरणों के स्थापनकर्ता ६ दिव्यमंगलरूप ७ गोपिकानयनों के आनन्ददाता ८ पूर्णचन्द्र के समान मुख।

---

८८ कंबु-शंख। ९२ पीन-पुष्ट। ९४ चतुर्मूर्ति-वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध। ९५ त्रि-तीन लोक, विक्रम-पराक्रम।

समस्तजगदानन्दः सुन्दरो लोकनन्दनः ।
यमुनातीरसञ्चारी राधामन्मथवैभवः ॥ १३३ ॥
गोपनारीप्रियो दान्तो गोपीवस्त्रापहारकः ।
शृङ्गारमूर्तिः श्रीधामा तारकोमूलकारणम्॥१३४॥
सृष्टिसंरक्षणोपायः क्रूरासुरविभञ्जनः।
नरकासुरसंहारी मुरारि वैरिमर्दनः ॥ १३५ ॥
आदितेयप्रियो दैत्यभीकरो यदुशेखरः ।
